हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 25 दिसंबर 2023



04 विषय विशेषज्ञों ने की विद्यार्थियों से परिचर्चा



07 मोक्षदा एकादशी का व्रत करने से भगवान ...



## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2500 | 3790 |
| गेहूं 1544 | 2300 | 3311 |
| चना | 4800 | 5600 |
| मसूर | 4700 | 5688 |
| सोयाबीन | 3000 | 4650 |
| सरसों | 3600 | 5891 |
| धान | 1650 | 4285 |
| तुअर | 0000 | 0000 |
| मूंग | 6650 | 6650 |
| तेवड़ा | 4000 | 4200 |
| उड़द | 4780 | 6400 |

## खबर संक्षेप

### पूर्व सीएम ने शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं

**विदिशा।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रविवार को विदिशा जिले के ग्राम मुंगवारा में पहुंचकर स्व. सीताराम कुशवाह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। गौरतलब हो कि किसान सीताराम कुशवाह का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो जाने पर उनकी अंत्येष्टि यात्रा में विदिशा विधायक मुकेश टंडन शामिल हुए थे और पूर्व मुख्यमंत्री चौहान के साथ विदिशा सांसद रमाकांत भार्गव, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीना, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, विदिशा विधायक मुकेश टंडन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्व. सीताराम कुशवाह के घर पहुंचकर शोक संवेदनाएं अभिव्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया।

### विद्या इंटरनेशनल का वार्षिकोत्सव हुआ




**विदिशा।** विद्या इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को पुरस्कार वितरण एवं उनके अंदर छिपी प्रतिभा को दिखाने का काम इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा किया गया। इस दौरान प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि बच्चों ने वार्षिक उत्सव पर बहुत अच्छी प्रस्तुतियां उनके द्वारा दी गई। इससे बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा उत्साह उनका जज्बा निखर कर सामने आता है। ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। जिससे बच्चों का उत्साह वर्धन होता है।

### हिंदू चेतना सेवा समिति के मंडल का गठन किया

**विदिशा।** हिंदू चेतना सेवा समिति के हरिपुरा मंडल का गठन दिया गया। जिसमें मार्गदर्शक मंडल में पं. रामनारायण शास्त्री, हरिप्रसाद नामदेव, प्रहलाद सिंह यादव, नारायण सिंह परिहार, प्रेम सिंह परिहार को चुना गया। वहीं अध्यक्ष महेंद्र साहू, उपाध्यक्ष राहुल सोनी, लकी दुबे, वीरु लोधी, शुभम अहिरवार, महामंत्री पवन यादव, मंत्री प्रशांत ठाकुर, राजेश सेन, दीपक नामदेव ईश्वर प्रसाद लोधी, मनोज रैकवार को बनाया गया।

## सबसे घने कोहरे वाला दिन रहा रविवार

## विजिबिलिटी 50 मीटर रही






**विदिशा।** रविवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। वहीं दिन में भी ठंडी हवा चली। लोग सहारे ठंड से बचाव करते दिखे। 12 बजे तक कोहरे का असर रहा। 11 बजे के बाद धूप निकली। वहीं घने कोहरे की वजह से ट्रेन लेट चल रही है। जिसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पहले जहां ठंडी हवा के चलते न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया था वहीं रविवार से हवाओं का रुख बदलने से तापमान में परिवर्तन देखने को मिला, पहले उत्तर-पूर्व से हवा चल रही थी अब पूर्व से हवा चल रही है।

### पवई और गुलाबगंज रेलवे स्टेशन के बीच पटरी पर चल रहा था काम

# घने कोहरे में पटरी पर काम कर रहा रेलवे कर्मचारी मालगाड़ी की चपेट में आया, मौत

घने कोहरे के कारण पवई और गुलाबगंज रेलवे स्टेशन के बीच एक दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें रेलवे के गैंगमैन की दर्दनाक मौत हो गई। रविवार को कोहरा घना होने के कारण वाहन चलाने में भी परेशानी हुई।



**विदिशा।** घटना के बाद मेडिकल कॉलेज के बाहर बिलखते रेलवे के गैंगमैन के परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

घने कोहरे की वजह से रेल पटरी पर काम करने के दौरान रेलवे कर्मचारी मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक कर्मचारी अपने साथियों के साथ पवई और गुलाबगंज रेलवे स्टेशन के बीच पटरी रेलवे पटरी पर काम कर रहे थे।

इसी दौरान बीना की ओर से आ रही मालगाड़ी पीछे से आ गई। घने कोहरे के कारण कर्मचारी को पता नहीं चल सका। घटना के बाद रेलवे कर्मचारी को विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

कर्मचारी के घायल होने की सूचना मिलते ही विदिशा रेलवे स्टेशन मास्टर ने कर्नाटक एक्सप्रेस को रुकवा कर घायल को विदिशा भेजा। जहां उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। हालांकि डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि कर्मचारी को घने कोहरे के चलते ट्रेन का पता नहीं चल पाया। जिसके चलते बड़ा हादसा हो गया। कर्मचारी के साथ काम कर रहे कमलेश में बताया कि जब वह काम कर रहे थे। उस समय बगल वाली पटरी पर गाड़ी निकल रहीं थी। तभी पीछे से मालगाड़ी आ गई, उसकी चपेट में अशोक आ गया। जीआरपी के प्रधान आरक्षक शिवराज यादव ने बताया कि 52 वर्षीय गैंगमैन अशोक राजपूत अन्य साथियों के साथ पवई और गुलाबगंज के बीच रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे थे। बीना की ओर से आ रही मालगाड़ी घने कोहरे के कारण दिखाई नहीं दी। मालगाड़ी की टक्कर से अशोक घायल हो गए थे। यहां मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। रविवार को कोहरा घना होने के कारण वाहन चालकों को भी सुबह के समय वाहन चलाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 12 बजे तक कोहरे का असर देखा गया।

### घने कोहरे का असर: विजिबिलिटी 50 मीटर रही

मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिला है। सर्दी के सीजन का रविवार को पहली बार घना कोहरा पड़ा। सुबह से घने कोहरे के साथ तेज ठंड थी, सबसे ज्यादा दिक्कत वाहन चालकों को हुई, घने कोहरे की वजह से विजिबिलिटी 50 मीटर रही। जिसके चलते वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लग गया। घने कोहरे और तेज ठंड के चलते जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया, लोग जरूरी होने पर ही घरों से निकल रहे थे। लोग अलाव के सहारे ठंड से बचाव करते दिखे। 12 बजे तक कोहरे का असर रहा, 11 बजे के बाद ही धूप निकली। वहीं घने कोहरे की वजह से ट्रेन लेट चल रही है जिसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पहले जहां ठंडी हवा के चलते न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस से नीचे गया था वहीं शनिवार से हवाओं का रुख बदलने से तापमान में परिवर्तन देखने को मिला, पहले उत्तर-पूर्व से हवा चल रही थी अब पूर्व से हवा चल रही है।

## महिला से छेड़छाड़ करने वाले बदमाश को एक साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शनिवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मोना शुक्ला पाण्डेय के न्यायालय ने छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को एक साल की सजा सुनाई है। आरोपी रंजीत रैकवार को 1 वर्ष सश्रम कारावास एवं कुल 500 रुपए अर्थदंड की सजा से दण्डित किया गया। जानकारी के अनुसार 29 जून 2022 को महिला शाम को करीब 7 बजे स्टेशन से अपने घर आ रही थी, तभी रास्ते में आरोपित रंजीत रैकवार उसका पीछा करते हुए आया और सुनसान गली में उसका हाथ पकड़ लिया। घटना की रिपोर्ट महिला थाना में की गई थी। जिसके बाद जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। जहां साक्ष्यों, तर्कों और गवाहों के आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मोना शुक्ला पाण्डेय ने सजा सुनाई। प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी गार्गी झा द्वारा की गई।



## आमवाली कॉलोनी में कथा आज से, निकाली शोभायात्रा

### कलाकारों ने दी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आमवाली कॉलोनी बंटीनगर में पिछले 7 सालों से भगवा रंग युवा संगठन के माध्यम से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस साल भी कथा का आयोजन 24 से 31 तारीख तक प्रारंभ होने जा रहा है। उसके पूर्व रविवार को पीतल मिल चौराहे से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवा रंग की पगड़ी व भगवा रंग की साड़ी में शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान बाहर से आए कलाकारों ने धार्मिक गीतों पर सुंदर प्रस्तुतियां दीं। कलश यात्रा में बड़ी संख्य में महिलाएं शामिल हुईं।



## डीजे संचालकों ने पूर्व सीएम को सौंपा ज्ञापन, दो साउंड रखने के नियम को स्थिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रदेश सरकार ने हाल ही में आदेश जारी करते हुए सभी धार्मिक स्थलों के साथ साथ डीजे साउंड के स्पीकर को कम करने के निर्देश जारी किए हैं। उसके बाद से डीजे संचालकों के सामने अब आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। डीजे संचालकों ने पिछले दिनों बैठक करके प्रशासन को ज्ञापन भी दिया था।

रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विदिशा दौरे के दौरान सांची रोड पर अग्रवाल एकेडमी के नजदीक डीजे संचालकों ने ज्ञापन सौंपते हुए कम से कम 6 डीजे के साउंड इस्तेमाल करने की मांग की है। उन्होंने नए आदेशों के चलते शादियों की पार्टी द्वारा साउंड बुकिंग न करने संबंधी शिकायत भी की। वहीं बताया गया कि मात्र दो साउंड में लोग तैयार नहीं हो रहे हैं। ऐसे में डीजे संचालन करने वाले परिवारों के साथ.साथ उसमें काम करने वाले अन्य परिवारों के सदस्य भी आर्थिक परेशानी से जूझ रहे हैं।

## पांच साल से भंग थी कलचुरी समाज की कार्यकारिणी, युवाओं ने किया पुर्नगठन

**विदिशा।** वर्ष 2018 से कलचुरी समाज की जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी भंग कर दी गई थी। जिसका समाज के युवाओं द्वारा एक बार फिर पुनर्गठन कर दिया गया है। जिले की कार्यकारिणी के साथ.साथ ब्लॉक स्तर पर भी कार्यकारिणी का गठन किया गया। खास बात यह रही की समाज की धर्मशाला जो हाजी अली तालाब में बनाई जा रही है वह अधूरी पड़ी है उसके निर्माण के लिए पहल की गई। अध्यक्ष के रूप में मूलचंद राय ने 2 लाख 51 हजार रुपए की राशि दी। तो वहीं महामंत्री मुकेश चौकसे द्वारा डेढ़ लाख रुपए की राशि समाज को भेंट की गई। ब्लॉक स्तरीय अध्यक्ष द्वारा एक लाख की राशि समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए दी गई।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए पूर्व सीएम शिवराज

## ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी, बोले- देश पीएम मोदी के नेतृत्व में तरक्की कर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विधानसभा में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। इस दौरान शिवराज सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामीण को जानकारी दी। जिले में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने के लिए रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा पहुंचे। ग्राम वन में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। देश का विकास और जनता का कल्याण भाजपा सरकार ने किया है। कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई है। जिनका लाभ लेकर लोगो जिंदगी बदली है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही है।




जनहितैषी योजना के बारे में लोगों को न सिर्फ जानकारी दी जा रही है। बल्कि हितग्राहियों को भी लाभान्वित किया जा रहा है। जो हितग्राही छूट गए हैं। उनकी भी सूची तैयार हो रही है, उन्हें भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के नए आयाम गढ़ रही है। उन्होंने विदिशा विधानसभा की जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि मुकेश टंडन को भारी मतों से जीतकर आपने अपना विश्वास भाजपा पर जताया है।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद भार्गव

## लोगों में उपभोक्ता जागरुकता बढ़े ताकि उनके साथ कभी कोई ठगी कोई दुकानदार न कर सकें: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर शिव नगर कंट्रोल स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद सांसद रमाकांत भार्गव ने कहा कि उपभोक्ता दिवस केवल उपभोक्ता दिवस के दिन ही ना मनाया जाए इसका साल भर एक अभियान चला कर लोगों को जागरूक करना चाहिए। जिससे लोगों में उपभोक्ता जागरूकता बड़े ताकि उनके साथ कभी कोई ठगी कोई दुकानदार न कर सकें। समय-समय पर दुकानों पर इसकी जांच भी की जाए की सही मात्रा में सही माल दिया जा रहा है या नहीं। कहीं कोई चोरी तो नहीं की जा रही। कहीं मिलावट का सामान तो लोगों को नहीं दिया जा रहा है। इसकी जांच हमारे खाद विभाग के अधिकारियों को करना चाहिए। विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि उपभोक्ता जागरूकता हमें स्वयं अपने अंदर लानी चाहिए। हमें हर चीज की हर सामान की हमें जानकारी होना चाहिए। हम कोई सामान ले रहे हैं कि वह एमआरपी से अधिक पर तो हमें नहीं दिया जा रहा है अगर ऐसा किया जा रहा है तो इसकी शिकायत उपभोक्ता फॉर्म में करें। नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि जब भी हम कोई दुकान से सामान ले उसका मूल देखकर ही ले। सामान की शुद्धता, गुणवत्ता,मात्रा, देखकर हमें लेना चाहिए अगर कहीं कोई हमारे साथ ठगी की गई है तो इसकी जानकारी उपभोक्ता फॉर्म में दर्ज करानी चाहिए। इसलिए यह कार्यक्रम राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर आयोजित किया गया है।



## खबर संक्षेप

### कांस्टेबल की हार्ट अटैक से मौत



**गंजबासौदा।** भोपाल के बाग सेवनिया थाने में पदस्थ कांस्टेबल संतोष चंदेरिया की हार्टअटैक से विदिशा में मौत हो गई। वह गंजबासौदा के रहने वाले थे। ट्रेन से विदिशा होकर भोपाल ड्यूटी पर जा रहे थे। रास्ते में विदिशा स्टेशन पर उनकी तबीयत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।जीआरपी ने इसकी सूचना सिटी कोतवाली थाना पुलिस को दी। इसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया था। कोतवाली थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि विदिशा रेलवे स्टेशन पर संतोष चंदेरिया नामक पुलिस कर्मचारी की हार्टअटैक से मौत का मामला सामने आया है। वे भोपाल के बाग सेवनिया थाने में कार्यरत थे। रोजाना की तरह शनिवार को भी वे अपने घर से खाना खाकर भोपाल ड्यूटी करने के लिए रवाना हुए थे। विदिशा में कुछ काम के लिए रुकने के बाद स्टेशन पर वे ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, तभी अचानक उनकी तबीयत खराब हुई और घबराहट होने लगी। इस कारण वे स्टेशन पर ही अचेत हो गए। स्थानीय लोगों ने जीआरपी को सूचना दी। जीआरपी द्वारा पुलिस कर्मचारी संतोष को मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### किसान संघ की बैठक आज

**गंजबासौदा।** भारतीय किसान संघ की जिला बैठक सोमवार को दोपहर के समय हितकारिणी धर्मशाला में आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रांत संगठन मंत्री मनीष शर्मा, प्रांत अध्यक्ष कैलाश ठाकुर, प्रांत से पूरण सिंह यादव, प्रांत से राजकुमार बघेल, संभाग से दिनेश दुबे,भगवान सिंह, अशोक, भगवानसिंह, वीरेंद्र, जिला कर्यकारणी एवं तहसील अध्यक्ष मंत्री जिला विदिशा उपस्थित रहेंगे।

### शिक्षक नवल किशोर यादव का निधन



**गंजबासौदा।** स्व. नारायण प्रसाद यादव पूर्व शिक्षक के बड़े पुत्र एवं लोकेश यादव के बड़े भाई और हर्षुल यादव के पिताजी, श्रीमती रतन बाई जैन हायर सेकेण्डरी स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक नवल किशोर यादव का रविवार को निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा शाम के समय पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## घना कोहरा होने के कारण कुछ फिट दूर का भी नजर नहीं आया

# कोहरे के चलते वाहन चालक हुए परेशान, दिन भर दिखा सर्दी का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को अल सुबह से घना कोहरा इलाके भर में छा गया। जो सुबह 10 बजे तक नजर आया। कोहरे के कारण स्थिति यह थी कि कुछ फिट दूर का भी दिखाई नहीं दे रहा था। कोहरे और सर्दी के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। घने कोहरे के चलते दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहन चालकों को हैडलाइट जलाकर बमुश्किल वाहन चलाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इस सप्ताह का सबसे अधिक ठंडा दिन रविवार को रहा न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। दिन भर जहां शीतलहर ने लोगों को ठिठुरा दिया, वहीं सुबह कोहरे की चादर के बीच फसलों पर बर्फ सी जमीन नजर आई। एकाएक पारा गिरने से पूरा अंचल कंपकंपा गया है। लोगों ने अलाव जलाकर सर्दी से बचने का प्रयास किया। कड़ाके की ठंड के चलते दिन भर जनजीवन प्रभावित रहा। ज्ञात हो कि साल के आखिर सप्ताह की शुरुआत के साथ ही सर्दी ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया था। शनिवार को जहां न्यूनतम तापमान 8 डिग्री था, वहीं शुक्रवार को उसमें भी एक डिग्री की और गिरावट होकर न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाने से ठिठुरन और भी अधिक बढ़ गई थी। नगर पालिका ने शहर में अलग-अलग स्थानों पर अलाव जलाना शुरू कर दिए हैं, रेन बसेरा भी शुरू हो गया है। जिससे गरीब और फुटपाथ पर सोने वालों को कुछ हद तक ठंड से बचने के लिए राहत मिली है। सर्दी के इस मौसम में नगर पालिका ने भी अलाव के लिए लकड़ी दोपहर से ही भिजवाना शुरू कर दिया है। शहर के प्रमुख चौराहों के अलावा बस स्टैंड, मेला परिसर, अस्पताल, स्टेशन पर अलाव जलाने के लिए लकड़ी पहुंचा रही है। इसके अलावा नपा ने बेसहारा लोगों को रैन बसेरा में रुकने कंबल रजाई की व्यवस्था भी की है। बीते दो दिन से लगातार शीतलहर के बीच रविवार को सुबह खेतों में खड़ी फसलों पर बर्फ जमना शुरू हो गई थी।



रविवार सुबह 6 बजकर 5 मिनट पर घना कोहरा



रविवार सुबह 6 बजकर 55 मिनट पर कोहरा



रविवार सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर कोहरा

## धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी को कारावास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

एमएस कोली जनपद पंचायत सीईओ गंजबासौदा द्वारा आरोपी ऋषिराज कुर्मी ग्राम रोजगार सहायक मैनवाडा द्वारा स्वच्छता मिशन एवं पीएम आवास में की गई अनियमितता एवं धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट की गई थी। आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 2000 रुपए नगद राशि की उद्घोषणा की गई। 23 दिसम्बर को थाना त्योंदा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरव बाजपाई के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपी ऋषिराज कुर्मी निवासी मैनवाड़ा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में गौरव बाजपाई थाना प्रभारी, शशांक, सत्येंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त जानकारी एसडीओपी मनोज मिश्रा द्वारा दी गई।

### यातायात पुलिस ने की चालानी कार्रवाई

**गंजबासौदा।** रविवार को यातायात पुलिस ने जयस्तंभ चौक पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई में प्रमुख रूप से जिन दो पहिया वाहन चालकों के पास गाड़ी के रजिस्ट्रेशन, बीमा, तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट के वाहन चला रहे हैं, उन्हें रोककर कार्रवाई की गई। वहीं लोगों को समझाइस दी गई कि अपनी और अपने परिजनों की सुरक्षा के लिये हेलमेट जरूर लगायें, कार चलाते समय सीट बेल्ट , तेज रफतार में वाहन न चलायें, सड़क नियमों का पालन करें। चालानी कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए यातायात प्रभारी आशीष राय ने बताया नगर में कुछ वाहन चालकों द्वारा बुलट बाइक से पटाखों की तेज आवाजें भी निकाली जाती हैं। उन पर भी सतत कार्रवाई की जायेगी। रविवार को कुल 18 वाहनों से 7500 रूपये की राशि वसूल की गई।

## विषय विशेषज्ञों ने की विद्यार्थियों से परिचर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के दल आदेश अनुसार सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 के अंतर्गत आइडिया पोर्टल का शुभारंभ का सीधा प्रसारण प्रातः 10:30 से 11:30 बजे तक किया गया। उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के पत्र के परिपालन में 12 से 25 दिसंबर तक महाविद्यालय में प्राध्यापको और विषय विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों के मध्य परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन एवं सुरक्षा विषय पर डॉ. संजय राय, डॉ. पुष्पा बर्डे एवं डॉ. हेमंत अहिरवार द्वारा विद्यार्थियों के साथ परिचर्चा की गई। संपन्न एवं सुदृढ अर्थव्यवस्था विषय पर डॉ. खुमेश सिंह ठाकुर, डॉ. अनामिका प्रजापति और डाक्टर ज्योति गुप्ता द्वारा परिचर्चा के साथ निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर प्रतिभा राजपूत बी ए थर्ड ईयर, द्वितीय स्थान पर जसोदा कुशवाहा बी ए फर्स्ट ईयर, तृतीय स्थान पर भारती साहू, बी ए फर्स्ट ईयर रहीं। सशक्त भारतीय विषय पर डॉ. अनामिका प्रजापति, डॉ. सूर्यकांत शर्मा और डॉ. आरती साहू द्वारा विद्यार्थियों के मध्य परिचर्चा की गई। विश्व में भारत विषय परिचर्चा में दो दलों ने सहभागिता की दल ए में शोभना बघेले सनेहा चौकसे और सलोनी चौकसे एवं दल बी में सिमी चौकसे पूजा अहिरवार और निपुल दागी ने सहभागिता की। पेन लिस्ट डा. सूर्यकांत शर्मा और अनुराग जैन ने सर्वसम्मति से दोनों दलों को विजेता घोषित किया। कार्यक्रम में डॉ. करंदीकर द्वारा छात्रों के मध्य विश्व में भारत विषय पर परिचर्चा की गई। से 25 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इन समस्त कार्यक्रमों में संस्था के प्राचार्य डॉक्टर सोहन कुमार यादव द्वारा अध्यक्षता की गई एवं कार्यक्रम की प्रभारी डॉक्टर अनामिका प्रजापति सहायक प्राध्यापक रही एवं आभार प्रदर्शन डॉक्टर बृजेश वर्मा वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया।

## श्रीराम नाम पुस्तिका 30 को होगी अयोध्या में जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत 17 वर्षों से नगर सहित जिला और आसपास के जिलों की तहसीलों में श्री राम नाम लेखन के लिए निशुल्क पुस्तिकाएं वितरण कर उनके संग्रह करने के बाद अयोध्या धाम स्थित श्री राम नाम बैंक में जमा कराई जा रही है।

नगर के समाजसेवी रघुनाथ सिंह रघुवंशी 17 वर्षों से राम नाम लेखन पुस्तिकाएं छपवा कर, इन्हें निशुल्क गांवों वितरित करते हैं। लेखन के पश्चात इन्हें गिरिराज परिषद में राम नाम बैंक में जमा कराई जाती है। इसके बाद इन्हें श्री राम नाम बैंक के हेड ऑफिस अयोध्या में भेजा जाता है। रघुनाथ सिंह रघुवंशी ने बताया कि 17 वर्षों में अब तक 90 करोड़ राम नाम लिखकर जमा कर चुके हैं और 31 करोड़ अभी लिखना बाकी है। आगामी 30 दिसंबर को राम नाम लिखी पुस्तकों का संग्रह कर उन्हें अयोध्या भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा है कि जिन लोगों ने राम नाम लेखन पूरा कर लिया है वह 28 दिसंबर तक अपनी पुस्तक श्रीराम नाम बैंक के बासौदा में जमा कर दे । यहां से इन पुस्तकों को अयोध्या ले जाया जाएगा। समाजसेवी रघुवंशी द्वारा वितरित निशुल्क लेखन पुस्तिकाओं में लोग महीने में 10 से 15 लाख लेखन करते हैं। उन्होंने बताया कि राम नाम बैंक की स्थापना शहर में श्री राम जन्म भूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महामंडलेश्वर नृत्य गोपाल दास महाराज 17 वर्ष पूर्व बासौदा में रघुनाथ सिंह रघुवंशी के आग्रह पर श्रीराम नाम बैंक की स्थापना की थी। तब से यह कर नियमित चल रहा है हर वर्ष दिसंबर के आखिरी सप्ताह में राम नाम लिखी पुस्तकों को एकत्रित कर अयोध्या भेजा जाता है।



### अखिल भारतीय तारण तरण दिगम्बर जैन समाज का परिचय सम्मेलन संपन्न

**गंजबासौदा।** रविवार को अखिल भारतीय तारण तरण दिगंबर जैन समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन श्री तारण तरण जैन जागृति मंडल भोपाल तथा श्री तारण तरण दिगंबर जैन सेवा समिति गंजबासौदा के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। परिचय सम्मेलन में लगभाग 1000 से ज्यादा प्रत्याशियों ने भाग लिया साथ ही प्रत्याशियों ने परिचय सम्मेलन में अपना परिचय दिया। परिचय सम्मेलन में सीए, डॉ. .प्रोफेसर, शिक्षक, कलाकार, व्यवसायी, चंद्रयान 3 टीम में शामिल वैज्ञानिक इत्यादि ने भाग लिया।




## गौवंश को पटरी पर आने से रोकने कराया जा रहा बाउंड्रीवॉल निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के लाल पठार क्षेत्र में रेलवे द्वारा बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। जो गौवंशों को पटरी पर आने जाने से रोकेगी साथ ही अवैध अतिक्रमण को भी रोकेंगी। ज्ञात हो कि लाल पठार क्षेत्र में घनी बस्ती होने के कारण दिन व दिन रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। जिसके चलते प्रबंधन द्वारा पक्की बाउंड्री और खराब हो गए स्लीपर लगाकर बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### भगवान जगन्नाथ महाप्रभु आज छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेंगे




**गंजबासौदा।** पदयात्रा द्वारा गंजबासौदा पधार रहे भगवान जगन्नाथ यात्रा के 14 दिन आज छत्तीसगढ़ की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। भक्तों द्वारा निरंतर 35 से 40 किलोमीटर पद यात्रा करके भगवान जगन्नाथ को गंजबासौदा नौलखी धाम विराजमान किया जा रहा है। भगवान जगन्नाथ की पदयात्रा जहां भी रूकती है वहां के समीपस्थ ग्रामवासी बड़ी संख्या में भगवान जगन्नाथ के दर्शन एवं उड़िया भाषा में बड़ा ही मधुर संकीर्तन करते हैं एवं सभी पदयात्रियों की यथायोग व्यवस्था भी ग्रामवासी कर रहे हैं। संपूर्ण यात्रा में जगह-जगह अपने घरों के आगे कलश दीपक एवं रंगोली से चौक परकर जगन्नाथ का पूजन अर्चन किया जा रहा है ।

## ट्रक ड्राइवर एसोसिऐशन के पदाधिकारी हुए सम्मिलित

# ट्रक ड्राइवर एसोसिएशन की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को सेन धर्मशाला में ट्रक ड्राइवर एसोसिऐशन की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मध्य प्रदेश ट्रक ड्राइवर यूनियन के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। जिसमें बासौदा ट्रक ड्राइवर एसोसिऐशन द्वारा यह फैसला लिया गया कि गाड़ी चलाते समय ड्राइवर किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन ना करें, गाड़ी में किसी भी प्रकार की सामग्री डीजल की हेराफेरी होने पर ड्राइवर की जवाबदारी होगी। ड्राइवर का लाइसेंस वैध होना चाहिए एवं गाड़ी के कागज कंप्लीट होने पर गाड़ी का परिचालन करें, गाड़ी ड्राइवर की गाड़ी चलाते समय किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर मलिक को ड्राइवर का उपचार करना होगा। बात विवाद होने की स्थिति में एसोसिएशन का निर्णय सर्वमान होगा। इस अवसर पर भोपाल से आये सरवर अली, विदिशा से गव्वर भाई, सौदान सिंह , मणिपुर से वेनी प्रसाद और गंजबासौदा ट्रक ड्राइवर एसोशियसन अध्यक्ष काशीराम सेन, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, दशरथ भाई, कोषाध्यक्ष मनोज अहिरवार, सचिव रिषभ, कल्लू, संगठन से गेंदालाल, लाखनसिंह, शिवचरण आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का हुआ समापन



**गंजबासौदा।** श्री तारण तरण जैन हायर सेकंडरी स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना का समापन हुआ। शिविर में वेदांत आश्रम के हरिहर दास एवं प्राचार्य तारत रण जैन हाई सेकेंडरी स्कूल के द्वारा स्वयंसेवकों के प्रमाण पत्र तथा स्वयं सेवकों को मेडल प्रदान किए गए। समापन के दौरान तारण तरण जैन स्कूल समस्त स्टॉफ उपस्थित था। कार्यक्रम के अंत में अधिकारी मनमोहन तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कड़कड़ाती ठंड में संपन्न हुआ श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 के बारहवां चरण बेतवा नदी रिपटा घाट पर श्रमदान दल के तत्वावधान में साप्ताहिक श्रमदान अभियान सतत रूप से जारी है। साप्ताहिक श्रमदान के क्रम को आगे बढ़ाते हुए श्रमदान दल द्वारा रविवार को साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 का बारहवां चरण में बेतवा नदी स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौर करने वाली बात यह है कि रविवार सुबह 7° C तापमान और कपकपा देने वाली ठंड भी श्रमदान दल के सदस्यों को नहीं रोक सकी। वर्तमान मौसम में जहां एक ओर लोगों को अपने निजी कार्यों के लिए भी घर से निकलने से पूर्व कई बार सोचना पड़ता हैं तो दूसरी ओर नगर के युवा श्रमदानी पर्यावरण एवं बेतवा नदी की स्वच्छता के प्रति पूरी लगन एवं जज्बे के साथ बिना मौसम की परवाह किए बिना तापमान, कड़कड़ाती ठंड एवं घने कोहरे के बावजूद श्रमदान हेतु घाट पर पहुंचे एवं 2 घंटे से अधिक समय तक श्रमदान कार्य किया । दल के सदस्यों ने अपने श्रमदान कार्य के दौरान घाट एरिया एवं नदी के प्रवाह क्षेत्र से पूजन हवन सामग्री, प्लास्टिक पॉलिथीन, सर्जिकल सामग्री, एक्सपायर एवं अनुपयोगी दवाइयां, अंतियोष्टि के पश्चात शेष बचे अवशिष्ट सामग्री आदि को बाहर निकाल कर एक स्थान पर एकत्रित किया। इसके पश्चात नपा कर्मियों ने स्वच्छता अधिकारी जावेद खान की उपस्थिति में दल द्वारा एकत्रित कचरे को हटाया ताकि हवा के साथ उड़ कर सुखा कचरा नदी में न पहुंचे। साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 के 12 वे चरण के स्वच्छता कार्यक्रम में, राकेश रघुवंशी, नीरज साहू, विशाल सेन, प्रशांत शर्मा, रवि रघुवंशी, निखिल मलखानी, रुद्रांश सिंह,दीपेश शर्मा, सूर्य प्रताप राजपूत, एवन सिंह विश्वकर्मा, नितिन अग्रवाल, दिनेश चौरसिय, संस्कार अग्रवाल, आकाश जैन, बाल श्रमदानी नक्श राजपूत, जैत्र राजपूत, रामराज विश्वकर्मा उपस्थित रहे।



### परिचय सम्मेलन को लेकर बैठक संपन्न



**गंजबासौदा।** सर्व ब्राह्मण समाज के परिचय सम्मेलन के तैयारी को लेकर रविवार दोपहर 2 बजे बराही पैलेस सिरोंज चौराहा पर बैठक संपन्न हुई। जिसमें नगर के सभी प्रमुख ब्राह्मण बंधु उपस्थित हुए। जिसमें परिचय सम्मेलन को लेकर सब ने अपने विचार रखे और रूपरेखा बनाई गई। बैठक में परिचय सम्मेलन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई एवं आगामी रुपरेखा के लिए 31 दिसंबर रविवार को बैठक का आयोजन किया गया है, जिसमें समस्त मित्र बंधुओ से चर्चा कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी एवं परिचय सम्मेलन की रूपरेखा तैयार कर समितियां का गठन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क श्वांस दमा खांसी अस्थमा शिविर कल

**सागर।** निःशुल्क अस्थमा (दमा) शिविर, दमा एवं अन्य श्वास रोगियों के लिए स्वामी प्रेमदास साहिब थल्हा दरबार द्वारा मंगलवार, 26 दिसम्बर को सत्संग भवन (राधेश्याम भवन), बजाज शोरूम के बाजू में सागर में आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में चावल-दूध के हलवे के साथ चित्रकूट से जड़ी-बूटी की दवा (खीर) पूर्णीमा की रोशनी / किरणों में रखी जाती है मानव जाति की मुफ्त सेवा के रूप में शुद्ध स्वच्छ और संगठित तरीके से तैयार करके परोसी जाती है यहाँ संस्था पिछले 25 वर्षों से गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में इन शिविरों का आयोजन कर रही है। रोगियों की रिपोर्ट के अनुसार इस जड़ी बूटी की दवा से बहुत फायदा हुआ है और कुछ को बहुत फायदा हुआ है।

### मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजनांतर्गत 50 लाख तक की परियोजनाएं

**सागर।** मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजनान्तर्गत केवल नवीन उद्यमों की स्थापना के लिए देय होगा, इस योजना में केवल अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदको को निर्धारित अर्हता एवं वित्तीय सहायता का प्रावधान होगें। योजना का संचाजन जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा संचालित किया जा रहा हे। योजना के तहत परियोजना सीमा उद्योग इकाई के लिए 1 लाख से 50 लाख रूपये तक की परियोजाएं हें। सेवा (सर्विस) इकाई एवं खुदरा व्यवसाय (रिटेल ट्रेड) के लिए 1 लाख से 25 लाख तक की परियोजाए हैं।

### नैनागिरी में वार्षिक जल विहार मेला व महामस्तकाभिषेक

**सागर।** दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र नैनागिरी में वार्षिक जल विहार मेला एवं महामस्तकाभिषेक का आयोजन 24 से 26 दिसंबर तक किया जा रहा है। त्रिदिवसीय आयोजन में मूलनायक पाश्र्वनाथ भगवान का मस्तकाभिषेक होगा। पंडित अशोक सिंघई बम्होरी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम 24 एवं 25 दिसंबर को सुबह अभिषेक शांतिधारा पूजन के साथ होगा।

### सरकार के दरबार में धूमधाम से मनाई गई मोक्षदा एकादशी

# मोक्षदा एकादशी का व्रत करने से भगवान विष्णु का आशीर्वाद बना रहता है: पं. शर्मा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

श्री देवाधिदेव मदनमोहन सरकार के सिद्ध चौतन्य दरबार में मोक्षदा एकादशी के पावन अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालु ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान पुजारी पं नवनीत शर्मा ने मोक्षदा एकादषी का महत्व बताते हुए कहा कि शास्त्रों के अनुसार मान्यता है कि जो व्यक्ति मोक्षदा एकादशी का व्रत करता है, उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि इस व्रत से बढ़कर मोक्ष देने वाला दूसरा कोई दूसरा व्रत नहीं है।

मोक्षदा एकादशी के दिन व्रत रखना, विधि-विधान से पूजा करना और पवित्र नदी में स्नान करना शुभ माना जाता है। इससे भगवान विष्णु का आशीर्वाद हमेशा बना रहता है। साथ ही जातक को कर्मों के बंधन से मुक्ति मिल जाती है और मृत्यु के बाद वह मोक्ष को प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मोक्षदा एकादशी का व्रत रखने से घर में सुख समृद्धि और शांति आती है। ऐसा मानते हैं कि इस व्रत को करने से पितरों को भी मोक्ष प्राप्त होता है। इस व्रत को करने से संतान प्राप्ति का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। मोक्षदा एकादशी का व्रत रखने से व्यक्ति के पाप नष्ट हो जाते हैं और उसके जीवन में खुशियां आ जाती हैं।

#### मोक्षदा एकादशी व्रत कथा और महत्व

पौराणिक कथा के अनुसार गोकुल नामक राज्य में वैखानस नामक एक राजा राज्य करता था। वह बहुत ही धार्मिक था। उसके राज्य की प्रजा बहुत सुखी थी। वह प्रजा जन का हितकारी राजा था। सभी वेदों के ज्ञानी उसके राज्य में निवास करते थे। एक बार उस राजा ने एक स्वप्न देखा कि उसके पिताजी नर्क में बेहद कष्ट भोग रहे हैं और वे उससे नर्क से बाहर निकाल लेने की प्रार्थना कर रहे हैं। स्वप्न टूटने के बाद राजा बहुत विचलित हुआ। इसका क्या कारण है यह जानने और उसके निवारण हेतु उन्होंने सभी विद्वानों को बुलाया और इस स्वप्न के बारे में बताया। जब कोई कुछ नहीं बता सका तो उन्होंने राजा को पर्वत मुनि के आश्रम में जाने का सुझाव दिया जो कि भूत, भविष्य व वर्तमान सभी कुछ देख सकते थे। राजा उनके आश्रम जाकर ,यथायोग्य अभिवादन के पश्चात अपनी चिंता का कारण बताया। पर्वत मुनि ने अपने ध्यान साधना से राजा के पिता के पाप कर्मों को जान लिया। उन्होंने राजा को सब कुछ बताकर उन्हें मोक्षदा एकादशी का व्रत करने को कहा जो कि समस्त मासों में उत्तम मार्गशीष माह में पड़ता है। राजा ने तब कुटुम्ब सहित मोक्षदा एकादशी का व्रत किया। उससे प्राप्त पुण्य को पिताजी को सौंप दिया जिससे उनको नर्क से मुक्ति मिल गयी। पिता ने प्रसन्न होकर राजा को ढेरों आशीर्वाद दिए। वही उन्होने एकादषी व्रत के नियम बताते हुए कहा कि किसी भी एकादशी तिथि के दौरान चावल नहीं खाने चाहिए और न ही इस दिन तुलसी के पत्ते व फल - फूल भी नहीं तोड़ने चाहिए इसलिए भगवान को चढ़ाने वाले फूल और पत्ते एक दिन पहले ही तोड़ लेना चाहिए। साथ ही दूसरे व्यक्ति द्वारा दिया गया अन्न या भोजन भी ग्रहण नहीं करना चाहिए। मानते हैं कि ऐसा करने से मनुष्य का पुण्य कम हो जाता है। वही इस दिन क्रोध करने से बचना चाहिये । बहुत ही शांत तथा सात्विक तरीके से इस एकादशी व्रत को सम्पन्न करना चाहिए। इस अवसर पर श्री सरकार को मगध, मावा मलाई बर्फी, तांबूल, फल, मेवा, रबड़ी, बर्फी, मेवा, का भोग लगाया गया।

### मिठाई बांटकर मनाई खुशियां

# कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी बने जितेंद्र सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किए जाने पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट,सचिव व केश शिल्पी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विनोद सेन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर के सिनेमा चौराहे पर आतिशबाजी कर सिरोंज की प्रसिद्ध मिठाई बालूशाही बांटकर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसर खांन, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश यादव,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हाजी इरशाद गौरी, डां.अब्दुल सुब्हान गौर, मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव सैफू गौरी, विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अतीक मंसूरी, ब्लाक कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष जुनेद खाँन सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक

**सागर।** मत्स्योद्योग विभाग द्वारा प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत आवेदन 31 दिसंबर तक आमंत्रित किये गये है। योजना में जन सामान्य, मत्स्य कृषकों, महिला उद्मियों आदि के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना प्रारंभ की गयी है, जिसमें तालाब निर्माण, मत्स्य बीज संवर्धन क्षेत्र विकास, कोल्ड स्टोरेज, एवं मत्स्य परिवहन के लिए मोटर साइकिल, थ्री व्हीलर आपे, इंसूलेटेड वेन आदि शामिल है। योजना से संबंधित जानकारी के लिए जिला कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग सागर संपर्क किया जा सकता है।

# निगम ने खुले में मांस-मछली विक्रय करने वाले दो दुकानों को कराया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

शासन के आदेशानुसार नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला द्वारा खुले में मांस, मछली विक्रय करने वालों के विरूद्ध गठित दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा नगर निगम के विभिन्न स्थानों पर खुले में मांस, मछली विक्रय करने वालों के विरूद्व जप्तकर सख्ती से कार्यवाही की गई जिसमें संजय ड्राइव एवं तिलकगंज में दो दुकानों से मांस जप्त कर नष्ट करने की कार्रवाई की गई तथा दुकानों को बंद कराया गया । इसी प्रकार दल द्वारा दुकानदारों को हिदायत दी गई कि खुले में मांस-मछली का विक्रय न किया जाय अन्यथा उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। दल प्रभारी शहीदुद्दीन कुरैशी ने बताया कि तिलकगंज कलारी के पास दिन में दो सफाई दरोगाओं को खुले में मांस मछली का विक्रय न हो इसके लिए निगरानी हेतु लगाया गया । शासन के आदेशानुसार खुले में मांस-मछली का विक्रय किया जाना प्रतिबंधित किया गया है इसलिये अब नगर निगम क्षेत्र में किसी भी स्थान पर कोई भी व्यक्ति / दुकानदार खुले में मांस-मछली का विक्रय नहीं कर सकेगा अन्यथा की स्थिति में उसके विरूद्व सख्त कार्यवाही करते हुये उनके ठेला/ टपरा को जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी । जिसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। कार्यवाही के दौरान दल प्रभारी सईदउद्दीन कुरैषी, संजय सोनी, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिन देवी देवताओं की हम आराधना करते हैं, उनके आचरणों को अपने जीवन में धारण करना चाहिए: सरस्वती दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा वार्ड क्रमांक 18 सतखनी में प्रषिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें दुख व अषांति से सुख शांति की ओर कैसे जाया जाए इसके लिए ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी सरस्वती दीदी ने राज्यों का प्रतीक प्रशिक्षण दिया और बताया अपने जीवन में कार्य व्यवहार करते हुए राज्यों के अभ्यास से जीवन को सुख शांति में कैसे बनाएं उसके लिए प्रतिदिन आध्यात्मिक ज्ञान को अपने और परमात्मा से बुद्धि का योग जोड़ें अपनी दैनिक क्रियो से निर्मित होकर 24 घंटे में से 1 घंटे का समय निकले जिसमें हाथ में दीपक लेकर सभी ने संकल्प किया कि हम अपने जीवन को जिन देवी देवताओं की हम सुबह और शाम आराधना करते हैं उनके आचरणों को धारण करेंगे और अपने जीवन में देवताई गुना को धारण करने की शिक्षा को रोज सुनेंगे। जो परमपिता परमात्मा शिव इस धरती पर आकर हमारी आत्मा को जागृत करने और आत्मा के अंदर जो सोई हुई शक्तियां हैं उन्हें जगाने की प्रेरणा हमें दे रहे हैं उनको हम सुनकर समझकर अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाएंगे। उक्त कार्यक्रम प्रीति अग्रवाल और राजू अग्रवाल द्वारा आयोजित किया गया।

# धान के सीजन में बार-बार हो रहा मंडी में कारोबार बंद

### तीन दिन मंडी बंद, किसान धान बेचने परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नवम्बर एवं दिसम्बर का महिना धान की खेती करने वाले हजारो किसानों के लिए भारी परेशानी बन गई। नवम्बर-दिसम्बर में विधानसभा चुनाव, बारिश एवं अवकाश के कारण एक बार 10 दिनों तक मंडी बंद रही। ऐसी स्थिति दिसम्बर में भी बन रही है। शनिवार से सोमवार तक 3 दिन मंडी बंद रहने से क्षेत्र के हजारों किसान धान बैंचने भारी परेशान हो रहे हैं।

किसानों द्वारा धान बेच कर रबी फस्लों की लागत व्यवस्थाए किए जाने में बार-बार मंडी बंद होना सबसे बडी बाधा बन रही है। जैसे ही मंडी खुलती है हजारों क्विंटल धान की एक साथ आवक हो जाती है। धान की आवक अधिक होने की स्थिति में किसानों को उचित दाम न मिलने से असंतोष का माहौल भी बन रहा है।

#### 300 रुपए कम हुए धान के दाम

45-4600 रुपए क्विंटल बासमती धान बिकने के बाद धान के भाव घट कर 4100- 4200 रुपए क्विंटल हो जाने से किसानों में भावों को लेकर एवं व्यापारियों द्वारा मनमाने ढंग से धान की खरीद होने से मंडी में कभी भी विवाद की स्थिति बन जाती है। मंडी में आने वाली अधिकांश धान की खरीद चावल बनाने वाली कंपनियों, व्यापारियों एवं उनके द्वारा नियुक्त दलालों के द्वारा की जाती है। जिससे भाव तौल भुगतान सब कुछ व्यापारियों, दलालों की कृपा पर बना रहता है। किसान अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने धान बैंचते है। परंतु उन्हें मंडी नियम के अनुसार उसी दिन नहीं टुकडो-टुकडो में भुगतान किए जाने से किसानों के समक्ष आर्थिक संकट की स्थिति बनी रहती है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची भौड़िया

# आपकी सरकार आपके द्वार आई है तत्काल होंगे कार्य: विधायक पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामों में पहुंच रही है। ग्रापं. भौडिय़ा पहुंचने पर यात्रा और नेताओं का ग्रामीणों, ग्रापं. द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों,बुजूर्गो को पेंशन प्रमाण पत्र, पात्र महिलाओं को गैस चूल्हा कनेक्सन वितरण किए। इसी के साथ जल मिशन के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मशीन सौंपी गई।

विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कन्यापूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अपने उद्बोधन में विधायक पटैल ने केन्द्र, प्रदेश सरकार की किसानों, ग्रामीणों के लिए जारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि आपकी सरकार आपके द्वारा आई है, तत्काल काम होंगे। कहा कि किसानों गरीबों के कल्याण के कार्य सरकार द्वारा किए जा रहे है। जनता मेरी मालिक और में जनता का सेवक हूॅ। हर पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ मिले इसका प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत में सरपंच प्रतिनिधी हरिनारायण चौधरी एवं ग्रामीणों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया।

#### खाद्य पदार्थो के लगे स्टाल

कार्यक्रम स्थल पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न खाद्य पदार्थो के स्टाल लगाये गए थे। जिनका विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने विभिन्न समस्या से संबंधित ज्ञापन विधायक को दिए। सभी आवेदनों के हल का भरोसा दिया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रभा ब्रजगोपाल पटेल, नपं. बरेली के अध्यक्ष हेमंत चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, जिपं. सदस्य शेर सिंह चौधरी, घनश्याम सिंह रघुवंशी, सीमा चौहान, अभिषेक रघुवंशी, अशोक पटैल, हरिशंकर मेहरा, सरपंच हरी बाई हरिनारायण चौधरी, उप सरपंच हरगोविन्द धाकड़, मोहन सिंह, योगेश पटैल, रोहित चौधरी सहित विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### बड़ोह बालाजी धाम में होगा महायज्ञ, बैठक हुई

**पठारी।** श्री बालाजी सरकार धाम बड़ोह में 11 दिवसीय 51 कुंडीय श्री राम महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें श्री राम महायज्ञ एवं मेला आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर गहन चर्चा की गई। अध्यक्ष की नियुक्ति की गई। समीपस्थ ग्राम बड़ोह के श्री बालाजी सरकार धाम मंदिर के प्रांगण में श्री राम महायज्ञ एवं मेला को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं समिति के सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में सर्व सहमति से श्री राम महायज्ञ एवं मेला समिति पूर्व अध्यक्ष बलराम सिंह यादव सेवानिवृत शिक्षक को पुनः अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिनकी अध्यक्षता में 11 जनवरी को होने वाली बैठक में समिति का गठन एवं पदाधिकारी को दायित्व सौपा जाएगा। बैठक में मेला की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई जिसमें दुकानों का लेआउट व वर्गीकरण एवं वितरण को लेकर कार्य योजना बनाई गई।

# कुरवाई महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 संबंधी कार्यक्रम हुआ

**कुरवाई।** शासकीय महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 संबंधी विविध कार्यक्रम, कार्यशाला, परिचर्चा, भाषण एवं विचार गोष्टी आयोजित हुई।

प्रधानमंत्री के मुख्य आतिथ्य में 11 दिसंबर 2023 को विकसित भारत 2047 के आइडिया पोर्टल का शुभारंभ का सीधा प्रसारण छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने देखा। प्रतिदिन के कार्यक्रमों के अंतर्गत सशक्त भारतीय एवं संपन्न तथा सुदृढ़ अर्थव्यवस्था पर परिचर्चा, नव प्रवर्तन विज्ञान एवं तकनीक पर कार्यशाला, सुशासन एवं सुरक्षा पर भाषण तथा विश्व में भारत का विविध क्षेत्रों में योगदान पर विचार गोष्ठी एवं क्रीड़ा, औषधि वा आधोसंरचनात्मक क्षेत्र में भारत की स्थिति पर कार्यशाला आयोजित हुई। तथा छात्राओं एवं स्टाफ ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ए के चतुर्वेदी के निर्देशन में भारत के पूर्ण विकसित राष्ट्र होने हेतु सुझाव प्रस्तुत किए। छात्र वीरेंद्र दांगी, शिबोम साहू , सुरेंद्र प्रजापति एवं छात्राओं में साक्षी दांगी,सानिया एवं प्रतीक्षा प्रजापति ने प्रश्नोत्तरी, परिचर्चा एवं भाषण के माध्यम से सक्रिय सहभागिता की। पिछले 10 दिन से आयोजित इन सभी कार्यक्रमों में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ए के चतुर्वेदी के साथ डॉ नीलम जैन, डॉ कुसुम लता, डॉ सदीक मोहम्मद , दीपेश पुरोहित, मोहन सिंह मीणा, वर्षा निगम, डॉ पूजा वर्मा, लोटन अनुरागी , कुलदीप भानू जायसवाल, डॉ राजेश खटीक, डॉ अरुण पटेल, डॉ संदीप पांडे, राजीव शर्मा एवं निहाल ने विचार व्यक्त कर प्रेरित किया।

# 67वीं राज्य स्तरीय हेंडबाल प्रतियोगिता में भोपाल संभाग ने जीता रजत पदक

### बरेली के छात्रों ने किया भोपाल संभाग की टीम में प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



नगर के खिलाड़ी छात्र-छात्राएं पूर्व में भी हेंडबाल खेल में प्रदेश, देश स्तर पर अपना खेल कौशल दिखा चुके है। 67वीं राज्य स्तरीय हेण्डबाल प्रतियोगिता में नगर के छात्र-छात्राओं ने भोपाल संभागीय टीम में प्रतिनिधित्व किया और फायनल मुकाबला ग्वालियर संभाग के बीच हुआ, जिसमें भोपाल संभाग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतने में सफलता प्राप्त की।

बरेली में खेल मैदान के साथ खेल सुविधाओं का अभाव है, फिर भी छात्र-छात्राए अपने बलबूते प्रदेश, देश स्तर पर हेंडबाल खेल में हमेशा शानदार प्रदर्शन करते हैं। 67वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम ने इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम आदिवासी विकास निगम की टीमों को पराजित किया। भोपाल संभाग की हेंडबाल टीम में 17 वर्ष बालक एवं बालिका वर्ग में पुष्पेन्द्र राजपूत, शिवांश जरारिया, कृष्णा मांझी, तनिश डागोर, प्रणव जरारिया, रिया साहू, शीतल रावत, समीक्षा धाकड़, वैष्णवी राय, खुशी शर्मा, शिवी राजपूत ने भाग लिया। जिला हेण्डबाल संघ के सचिव अरविन्द जरारिया ने बताया प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 67वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता सुजालपुर में मप्र का प्रतिनिधित्व करेगे। प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले खिलाडियों, कोच, मेनेजर को उदयपुरा-बरेली विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक एवं रायसेन जिला हेण्डबाल संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र शिवाजी पटैल, जिला बालीवाल संघ के अध्यक्ष हरनाम सिंह राजपूत, नपं. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, शा. बालक हा.से. के प्राचार्य केके वानी एवं नगर के खेल प्रेमियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अस्पताल पहुंचे एसडीएम, कोविड की तैयारियों का लिया जायजा, कमियों को ठीक करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

प्रदेश में कोरोना दस्तक दे चुका है। फिलहाल क्षेत्र में कोई पीडित नहीं है। फिर भी सिविल अस्पताल में कोविड की व्यवस्थाओं का एसडीएम संतोष मुदगल द्वारा निरीक्षण कर जायजा लिया गया। वार्डो का भ्रमण किया, जहाॅ कुछ कमिया दिखी उन्हें ठीक करने के निर्देश दिए।

कोरोना महामारी का यदि कोई मरीज मिलता है। तो सिविल अस्पताल में क्या तैयारियां है। आईसीयू, एचडीयू, जनरल वार्ड का एसडीएम मुदगल ने डॉक्टरों के साथ भ्रमण किया। आक्सीजन सिलेन्डर, कंस्ट्रेटर, मानिटर एवं दवाईयों की भी जानकारी ली गई। एसडीएम मुदगल के साथ डॉ. हेमंत यादव, डॉ. प्रशांत सेन एवं अस्पताल के जिम्मेदार स्वा. कर्मचारी साथ रहे।

#### दर्जनों हुई थी मौत

कोरोना की पहली और दूसरी लहर में बरेली, बाड़ी क्षेत्र के हजारों लोग कोरोना प्रभावित होने के साथ दर्जनों लोगो की मौते हुई थी। सिविल अस्पताल के साथ क्षेत्र के गंभीर मरीजों को रायसेन, विदिशा और भोपाल भेजा जाता रहा था।



अनेक वर्षो से सिविल अस्पताल में रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों के न होने से हमेशा गंभीर मरीजों को रायसेन, भोपाल रेफर करने की स्थिति बनती है। मेडीकल स्टाफ की भी भारी कमी होने के साथ सिविल अस्पताल में सर्जरी नहीं हो पाती है। विभिन्न मशीनों के संचालन के लिए भी डॉक्टरों एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी बनी हुई है।

#### अस्पताल में रोज आ रहे सैकड़ों मरीज

फोरलेन-45 और क्षेत्र में सिविल अस्पताल ही सबसे बड़ा उपचार केन्द्र है। ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वा. केन्द्रों में वर्षो से डॉक्टर न होने के कारण सिविल अस्पताल में प्रतिदिन सेकडो मरीजों की भीड़ लगती है। कभी सर्दी, कभी गर्मी और बदल रहे मौसम, भारी शीत के कारण सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी के मरीजों की तेजी से संख्या बढ़ रही है। ऐसे मरीजों की कोविड जांच होना बहुत जरूरी माना जाता है।

## खबर संक्षेप

### गणित के सवालों को हल करने के बताए तरीके

**सलामतपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलामतपुर में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सेकंड चांस प्रोग्राम की छात्राओं ने राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया। जिसमें गणित की विशेष रोचक गतिविधियां छात्राओं द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को दिखाई गई। जैसे वर्गों का वर्गमूल निकलना, कॉन के नियम, घड़ी के माध्यम से समय को बताना इत्यादि। स्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा सेकंड चांस प्रोग्राम के छात्राओं को ब्यूटी केयर के बारे में बताया गया। सलामतपुर विद्यालय की शिक्षिका आरती वर्मा द्वारा सभी छात्राओं को अटल ट्रैकिंग एप्स के बारे में विस्तार से समझाया गया और छात्राओं को मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर अमृता सोलंकी, नित्या चक्रवेश, प्रशांत अहिरवार, मुस्कान गौर आदि मौजूद रहे।

### वॉलीबाल, कबड्डी, क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**सिलवानी।** स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की 10वीं स्कूल स्टेट एजुकेशन डिपार्टमेंट स्पोर्ट 2023 का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी का आयोजन सीएम राइस स्कूल सिलवानी में किया गया। जिसमें संस्था के प्राचार्य एनपी शिल्पी द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में बेगमगंज, गैरतगंज, उदयपुरा, बरेली, रायसेन, सिलवानी के खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन कर्ताओं द्वारा खिलाड़ियों का प्रदर्शन के आधार पर रायसेन जिले की टीम का चयन किया गया। इस अवसर पर विकासखंड खेल प्रभारी मोहम्मद तारिक, वरिष्ठ शिक्षक स्वतंत्र नेमा, अरविंद कुमार, कमलेश जाटव, आरिफ खान, राघवेंद्र दुबे, गजेंद्र रघुवंशी, शेख जावेद, आनंद ठाकुर, मनीष मालवीय, योगेश कुलकर्णी ने खेलों का संचालन किया।

### ग्राम प्रतापगढ़ में चल रही श्रीरामचरित मानस

**सिलवानी।** प्रतापगढ़ ग्राम में वनवासी रामचरित मानस सम्मेलन समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मानस सम्मेलन के चौथे दिन की कथा में पंडित रामकृपालु ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करने से हमारी रक्षा होती है। प्रकृति द्वारा प्रदत्त जितने भी संसाधन हैं, वह मानव जीवन के लिए बहुत अनिवार्य हैं। वह हमारे लिए जीवन सुलभ बनाने के लिए परमात्मा की अद्भुत कृपा के रूप में विद्यमान हैं। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम इनकी रक्षा करें और उनका संवर्धन करें, जिससे कि हमारा जीवन सुखमय हो सके। प्रकृति में शांति व्याप्त होनी चाहिए, जिससे कि मानव जीवन भी शांत हो सके। मनुष्य अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति का दोहन कर रहा है,जिससे आने बाली पीढ़ियों का जीवन कस्टमय हो जाएगा। इसलिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना हम सभी का परम धर्म होना चाहिए। जल संरक्षण भविष्य की अनिवार्यता है और पौधे लगाना हमारा कर्तव्य है। जिससे कि हमें पवित्र प्राण वायु प्राप्त होती रहे। पीपल के वृक्ष में नारायण का वास है, इसलिए पीपल वृक्ष का रोपण करना चाहिए।

## मांस दुकानों व लाउडस्पीकरों पर लगाई है रोक

# आमजन में चर्चा-मैरिज गार्डनों पर लगेगी रोक!

*नवनियुक्त मुख्यमंत्री के निर्देश पर मांस की दुकानों, लाऊडस्पीकर डीजे पर तत्काल कार्यवाही की गई किन्तु रिहायशी क्षेत्रों में कोलाहल मचाने नियम विरुद्ध संचालित मैरिज गार्डनों पर कार्वाई होगी या नहीं ? यह प्रश्न जनमानस में कौंध रहा है।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

माना जा रहा है कि खुले में मांस विक्रय से आमजन के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव एवं लाऊडस्पीकर, डीजे के ध्वनि प्रदुषण की रोकथाम के लिए नवनियुक्त मुख्यमंत्री ने आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए थे जिस पर त्वरित कार्यवाही भी की गई।

ध्वनि प्रदुषण फैलाने वालों में मैरिज गार्डन भी शामिल है। नगरीय सीमा क्षेत्र में कई मैरिज गार्डन संचालित है। इनमें से कुछ शासन के नियमों के विरुद्ध रिहायशी क्षेत्रों में बेरोक टोक तथा बिना किसी बेखौफ संचालित हो रहे है।

अधिकांश मैरिज गार्डनों के स्वामी एवं संचालक रसूखदार एवं सत्तारुढ़ राजनैतिक दल से सवंध होने से प्रशासनिक अधिकारी भी संज्ञान के बावजूद कार्यवाही से बच रहे है।

रिहायशी क्षेत्रों में संचालित इन मैरिज गार्डनों में होने वाले शोर शराबे, लाऊडस्पीकर, बैंड बाजों की कर्णभेदी आवाजों से रहवासी बेहद परेशान है। रिहायशी क्षेत्र में ध्वनि प्रदुषण से बच्चों की पढाई प्रभावित हो रही है।

गौरतलब है कि रिहायशी क्षेत्र मसलन मोहल्लों, कॉलोनी, गहन आबादी क्षेत्रों को ध्वनि प्रदुषण से मुक्त रखने एवं रहवासियों के मौलिक अधिकारों के संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए मैरिज गार्डनों को रिहायशी क्षेत्र से बाहर करने के आदेश राज्य सरकार ने दिए है। इसके नियम के साथ-साथ सख्त कार्यवाही का प्रावधान भी किया गया है परन्तु जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से शासन के तमाम आदेश- निर्देश खूंटी पर टंगे है।

देखना है कि रिहायशी क्षेत्रों में संचालित मैरिज गार्डनों से होने वाले ध्वनि प्रदुषण को नियंत्रित कर पाते है या नहीं ? यह प्रश्न जनमानस में की जिज्ञासा बना हुआ है।

## भाजपा जिला स्तरीय अनुशासन समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला भाजपा कार्यालय रायसेन में रविवार को जिला स्तरीय भाजपा अनुशासन समिति के पदाधिकारियो की आवश्यक बैठक का आयोजन किया, जिसमें अनुशासन समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे। अनुशासन समिति की आयोजित बैठक में सभी पदाधिकारियों ने विचार विमर्श करते हुए जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र में बनाई गई विधानसभा स्तर की अनुशासन समितियां से रिपोर्ट के मामले में विस्तार से चर्चा की गई।

उक्त समिति के पदाधिकारियो ने विधानसभा स्तरीय अनुशासन समितियां से मिली जानकारी के आधार पर अपनी रिपोर्ट प्रदेश भाजपा अनुशासन समिति के लिए भेजने को करवाही की गई है। प्रदेश स्तर के निर्देश बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अनुशासन समिति के संयोजक हरनाम सिंह राजपूत, सुरेंद्र तिवारी, राकेश तोमर, प्रहलाद लोधी एवं विष्णु रावत विशेष रूप से मौजूद रहे।

## कार्यपालन यंत्री की मौन सहमति

# किराए पर चल रहे शासकीय आवास गृह,मौज में कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

सिंचाई विभाग की बारना नहर संभाग बाड़ी द्वारा निर्मित शासकीय आवास गृह जिन शासकीय कर्मचारियों को किराये पर दिए थे। उन्होंने भारी किराये पर अन्य लोगों को दे दिए इस तरह कमाई का जरिया बना लिया है। इस गोरख धंधे की जानकारी कॉलोनी इंचार्ज और कार्यपालन यंत्री की मौन सहमति के बाद यह मामला प्रदेश के नए मुख्यमंत्री और मुख्य अभियंता के पास भेजा जा रहा है।

तहसीलदार, थानेदार और बारना प्रशासन के एक अधिकारी की एक संयुक्त टीम बनाई जावे जो आवास गृह का भौतिक सत्यापन करें की आवास गृह नाम किसके हैं और रह कौन रहा है। नगर पंचायत से प्रत्येक वार्ड के मकान की सूची निकली जावे उसे मिलान करने पर पता चलेगा कि जिन कर्मचारियों के पति-पत्नी के नाम मकान है। उन्हें बारना आवास गृह किराये पर क्यों दिए गए। ऐसे कर्मचारियों की संख्या भी बहुत है, जो रहते तो स्वयं के मकान में हैं और आवंटित आवास किराये पर देकर प्रतिमाह मोटी कमाई कर रहे हैं।

यह गोरख धंधा लगभग 10 वर्षों से चल रहा है पर भ्रष्टाचार में गले



गले डूबे अधिकारियों के लिए यह कोई मसला ही नहीं है, जिन कर्मचारियों ने आवंटित आवास गृह किराये पर दिए हैं उनसे आवंटित दिनांक से आज तक का बाजार रेट से किराया वसूला जावे और उनके विरुद्ध आपराधिक प्रकरण कायम किया जावे।

इसके साथ ही इस गोरख धंधे में सहभागी बने अधिकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किया जावे और जिन लोगों ने बारना आवास गृह पर जबरन कब्जा किया है उनसे शक्ति से खाली करा कर नए सिरे से नए कर्मचारियों को आवंटन किया जावे। वैसे अब बारना सिंचाई विभाग को इतने आवास गृहों की आवश्यकता भी नहीं है।

उप यंत्री, सहायक यंत्री, कार्यपालन यंत्री 8 या 15 दिन में चेहरा दिखाने आते हैं। नहरे पक्की हुई की नहीं, सीपेज रुका की नहीं यह जांच का विषय है। भोपाल में इनकी हवेलियां जरूर बन गई।

# रेलवे गेट पर बन रहे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य की मशीनें चलने से मकान क्षतिग्रस्त

## ड्रिल मशीन के वाइब्रेशन से मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त, पीड़ित ने की मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

रायसेन जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत आने वाले मुड़ियाखेड़ा रेलवे गेट पर ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। ओवरब्रिज निर्माण के लिए बड़ी-बड़ी ड्रिल मशीन से पिलर के लिए गड्ढे किए जा रहे हैं।

ड्रिल मशीन के वाइब्रेशन के कारण रेलवे गेट से लगे हुए नासिर खान का मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। और दीवारों में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं, जो कभी भी गिर सकता है।

नसीर खान का कहना है कि उन्होंने बड़ी मुश्किल से यह मकान बनाया था। उनकी इतनी हैसियत नहीं की दोबारा तोड़कर मकान बनाया जा सके।

इस संबंध में ठेकेदार से भी बात की मगर कोई भी उनकी नहीं सुन रहा है। पीड़ित ने शासन प्रशासन से मुआवजा दिलवाने की मांग की है ताकि वह घर को दोबारा बना सके।





### मुआवजे की है उम्मीद

रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की वजह से मेरा पूरा मकान छतिग्रस्त हो गया है। मकान बनाने में मेरी सारी जमा पूंजी खर्च हो गई है। मेरे पास अब इतना रुपया नहीं है कि फिर से घर निर्माण कर सकूं। अब तो शासन प्रशासन से ही मुआवज़े की उम्मीद है।

**- नासिर खान,** पीड़ित मुड़ियाखेड़ा।

# अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर लगाया जुर्माना

## नगर परिषद की टीम ने दुकान-दुकान जाकर किया निरीक्षण

◆ अमानक पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने दी समझाइश।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अमानक पॉलीथिन का उपयोग व विक्रय पर प्रतिबंध के बाबजूद भी सब्जी, किराना सहित अन्य सामग्री का व्यवसाय करने वाले दुकानदारो के द्वारा अमानक स्तर की पॉलीथिन का उपयोग तथा विक्रय किया जा रहा है, जिसकी नगर परिषद को लगातार शिकायते मिल रही थी।

अमानक पॉलीथिन का विक्रय व उपयोग करने वाले दुकानदारो पर नगर परिषद के द्वारा सख्त कार्रवाही की जाकर 5 दुकानदारों पर ना केवल जुर्माना लगाया बल्कि तय मापदण्ड की पॉलीथिन का उपयोग करने की समझाईस दी।

नप कर्मचारी दीपक साहू, शैलेंद्र गुप्ता, नफीस खान भूरा, सुरेंद्र सियोते सहित अन्य कर्मचारी दुकानो पर पहुचें तथा निरीक्षण किया। इस दौरान अनेक दुकानदार अमानक स्तर की पॉलीथिन का उपयोग करते हुए पाए गए। जिस पर न अमले के द्वारा कार्रवाही की गई तथा समझाईस दी गई कि निर्धारित मापदण्ड की पॉलीथिन का उपयोग तथा विक्रय करे।

# महाअभियान के तहत युवाओं ने किया रक्तदान, 90 यूनिट ब्लड हुआ जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

अनुज ठाकुर की स्मृति में नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित रक्त शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक लोगों क्षेत्रीय लोगों एवं नगर के लोगों ने इस महा अभियान में भागीदारी दिया। राजनेताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर रक्तदान को महादान का स्वरूप दिया प्रातः काल से ही लोगों में उत्साह देखा जा रहा था।

दीपक ठाकुर रक्तदान सेवा समिति के सदस्यों ने इसमें अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और लोगों को प्रेरित किया नगर एवं क्षेत्र की लोगों का कहना है कि इस महा अभियान में लोगों ने अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की इस अवसर पर क्षेत्र के आम जन और राजनेताओं ने कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा की और लोगों की भागीदारी पर उन्हें धन्यवाद दिया।




इस संबंध मे हमने दीपक ठाकुर से बात की उन्होंने कहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी लोगों ने इस आयोजन में दिल से सहयोग और भागीदारी करने पर रक्तदान सेवा समिति नगर एवं क्षेत्र की सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उन्हें इस महायज्ञ में आहुति देने पर साधुवाद दिया है।

# सीसीएलई के तहत सेठ अमरचंद समैया सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट स्कूल सिलवानी में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के सेठ अमरचंद समैया सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में सीसीएलई कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियो ने सहभागिता की।

लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश के निर्देशन में 21वीं शताब्दी के कौशल के अंतर्गत संचालित किये जाने वाले सीसीएलई कार्यक्रम के अंतर्गत दिसंबर के संकल्पित भारत थीम पर की जाने वाली सदनवार गतिविधि प्रश्नोत्तरी सिचुएशन रिएक्शन टेस्ट या परिस्थिति प्रतिक्रिया टेस्ट आयोजन किया। जिसमें अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सर्विस, बैंकिंग, नेशनल डिफेंस एकेडमी इत्यादि में कराया जाता है। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को जानकारी दी गई कि सिचुएशन रिएक्शन टेस्ट या परिस्थिति प्रतिक्रिया टेस्ट एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण है जो व्यक्ति के व्यक्तित्व सोचने के तरीके और प्रति क्रियाशीलता का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है, जिसमें प्रश्नों की एक विस्तृत श्रृंखला होती है और प्रत्येक प्रश्न की अपनी अनूठी चुनौतियाँ होती हैं। यह समय आधारित प्रश्न गतिविधि है जिसमें तय समय के भीतर विद्यार्थियों को उत्तर के रूप में निर्णय बताना है।



सीसीएलई प्रभारी नियम जैन शास्त्री एवं राजेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि सिचुएशन रिएक्शन टेस्ट प्रश्नों के उत्तर देने के लिए कुछ सामान्य सुझाव भी दिए। प्रश्न को ध्यान से पढ़ें और सभी विवरणों को समझने की कोशिश करें। अपनी प्रतिक्रिया में विनम्र सहायक और समझदार बनें। सभी विकल्पों पर विचार करें और सबसे उपयुक्त प्रतिक्रिया चुनें।

# श्रीनिवास रामानुजन जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

## गणित की विशेष रोचक गतिविधियां छात्र-छात्राओं को दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

श्रीनिवास रामानुजन जन्मदिन के उपलक्ष्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलामतपुर में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सेकंड चांस प्रोग्राम की छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया, जिसमें गणित की विशेष रोचक गतिविधियां छात्राओं द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को दिखाई गई। ऐसे वर्गों का वर्गमूल निकलना कॉन के नियम घड़ी के माध्यम से समय को बताना इत्यादि।

माध्यम से सभी छात्रों ने बहुत ही अच्छा प्रेजेंटेशन दिया। छात्राएं बहुत ही उत्सव दिखाई दी हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा सेकंड चांस प्रोग्राम के छात्राओं को ब्यूटी केयर के बारे में बताया।




विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती आरती वर्मा द्वारा सभी छात्राओं को अटल ट्रैकिंग एप्स के बारे में विस्तार से समझाया गया और छात्राओं को मार्गदर्शन किया गया। हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य गोयल सर आरती वर्मा और सभी शिक्षक गढ़ का सहयोग प्राप्त हुआ।

सेकंड डांस प्रोग्राम से टीम लीडर अमृता सोलंकी स्टेट कंटेंट ट्रेनिंग एसोसिएट नित्या चक्रवेश फैकल्टी प्रशांत अहिरवार और मुस्कान गौर उपस्थित रहे।

## श्रीरामलीला मेला में राजा दशरथ से रानी कैकई ने मांगे 2 वरदान

# राम को 14 वर्ष का वनवास और भरत को अयोध्या का राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

श्री रामलीला महोत्सव के दौरान रविवार को रामलीला मैदान में कलाकारों द्वारा दशरथ कैकई संवाद की अति आकर्षक लीला का मंचन बहुत ही शानदार ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस प्रसंग की लीला को देखकर मैदान में मौजूद दर्शक भी उत्साहित नजर आए।

प्रस्तुत की गई लीला के अनुसार अयोध्या के राजा दशरथ की रानी कैकई के पास मंथरा दासी उनकी सेवा में लगी होती है, इधर धनुष तोड़ने के बाद जैसे ही सीता स्वयंवर हुआ वैसे ही अयोध्या में राजा राम को राजपाठ देने की तैयारी शुरू हो गई। यह सब देखकर दासी मंथरा रानी कैकई के पास पहुंचती है जहां वह कैकई के कान भर देती है कि अयोध्या के राजा राम बनने जा रहे हैं।

अब तुम्हारे भारत का क्या होगा। अगर भरत राजा बनते हैं तो रानी कैकई की चलेगी इन्हीं सब बातों को लेकर मंथरा कैकई के कान भर देती है और कहती है कि आप राजा दशरथ जी से दो वरदान मांगो कि वह राम को 14 वर्ष का वनवास दें और भरत के लिए अयोध्या का राजा बनाएं। जब राजा दशरथ को रानी कैकई नाराज दिखाई देती हैं और रूठी हुइ नजर आती है तो वह पूछते हैं कि रानी तुम्हें क्या हो गया क्या बात है बताओ जिस पर रानी कैकई ने राजा दशरथ के सामने दो वरदान पूरे करने की मांग रखी। राजा दशरथ से जब कैकई ने प्राणों से प्यारे राम को 14 वर्ष वनवास में भेजने का वरदान मांगा और दूसरा भरत को अयोध्या का राजा बनाने कहा तो इस पर वह सहमत नहीं होते हैं परंतु रानी जिद पड़ जाती हैं जब नहीं मानती है तो राजा दशरथ इस दौरान रो पड़ते हैं और रानी कैकई को यह दो वरदान दे देते हैं।

## » अपने प्राणों से प्यारे राम को 14 वर्ष वनवास का वर मांगते ही कैकई के सामने विलखकर रो पड़े राजा दशरथ



### आज श्रीराम केवट संवाद की लीला

श्री रामलीला में सोमवार को नगर के मिश्र तालाब पर श्रीराम और केवट संवाद की आकर्षक लीला का मंचन किया जाएगा जो की दर्शकों के लिए देखने लायक होगा। इस दौरान भक्त राज केवट अपनी लकड़ी की नाव में भगवान राम लक्ष्मण और सीता जी को बैठा कर गंगा पार लगाएंगे इस आकर्षक लीला का मंचन मिश्र तालाब रूपी गंगा को पार करते हुए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।